क्लासिफाइड

बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब

NAME CHANGE

I, SAMSAD ANSARI S/O: ASGAR ANSARI, R/o Basatpur, Chalna, Banka, Chalna, Bihar, 813110, have changed the name of my minor Daughter SADAYA KHATUN, aged 17 years and she shall hereafter be known as SADIYA KHATOON.

I hitherto known as RAJEEV KUMAR S/O SUSHIL YADAV, R/o - Sardarpur, Post - Shahzadpur, Thana - Nathnagar, Shazadpur, PO: Sahjatpur, DIST: Bhagalpur, Bihar - 812005, have changed my name and shall hereafter be known RAVINDRA YADAV.

I hitherto known as RAM NIRANJAN KUMAR S/O: BALDEV MANDAL, R/o gram-dogachchhi, post- fatepur, Basantpur, PO: Fatehpur, DIST: Bhagalpur, Bihar - 812004, have changed my name and shall hereafter be known RAMNIRANJAN MANDAL.

I hitherto known as KARADIYA RAHUL MANSUKHBHAI S/O- MANSUKHBHAI R/O- Suara Vas, Goliyapura, Ud, PO: Udd, DIST: Sirohi, Rajasthan-307801, have changed my name and shall hereafter be known as RAHULBHAI MANSUKHBHAI SOLANKI.

I hitherto known as SHIVKUMAR S/O: PUSHPENDRA, R/O- nagla deepa, Ahirva, Ahirwa, PO: Ahirwa, DIST: Mainpuri, Uttar Pradesh - 205001, have changed my name and shall hereafter be known as ASHU KUMAR.

I hitherto known as ZURM ROSHAN ALI S/O: DEEN MOHAMMAD, R/O- village bhoopatpur post bakarabad, Bakarabad, Jaunpur, Uttar Pradesh, 222136 , have changed my name and shall hereafter be known as ROSHAN ALI.

I hitherto known as PRIYATAM VISHWAKARMA S/O: RAMCHANDRA VISHWAKARMA, R/O- Vill Charghara, Po Charghara, Ps Jamua, Charghara, PO: Charghara, DIST: Giridih, Jharkhand- 815318, have changed my name and shall hereafter be known as PRITAM VISHWAKARMA.

NAME CHANGE

I, MD MURTAZA ALI S/O SHEKH BADRUDDIN, R/o Vill-Kurma, Post-Dhoraiya, PS-Dhoraiya, H. No- 83, Kurma, Banka, Bihar, 813205, have changed the name of my minor Daughter SAHISTA PRAWEEN, aged 12 years and she shall hereafter be known as SHAISTA PARWEEN.

I hitherto known as PRIYANSHU KACHI S/O: VIJAY KUMAR, R/O- nimas, nimas, Nimas, PO: Bahori Band, DIST: Katni, Madhya Pradesh - 483330, have changed my name and shall hereafter be known as PRIYANSHU KUSHWAHA.

I hitherto known as SANU SENGAR D/O: PANCHAM SINGH, R/O- bamhauri, bamhauri, Hathiyagarh, PO: Hathiagarh, DIST: Katni, Madhya Pradesh - 483330 , have changed my name and shall hereafter be known as SANU SINGH.

I hitherto known as JASODA W/O: SARVESH SINGH, R/O- Nagla Jasi, Sakra, Mainpuri, Sakra, Uttar Pradesh, 206302, have changed my name and shall hereafter be known as SUDHA.

I hitherto Known as LHAMO TSERING W/O: POPALE BHUTIA, R/O- 18 Mile, Upper Gairi Goan 2, Vtc: Paiyong Khasmahal, PO: Algarah, Sub District: Kalimpong - li, District: Darjeeling, State: West Bengal, Pin Code: 734314, have changed my name and shall hereafter be known as CHYARIM BHUTIA.

I hitherto known as JASMATI DEVI W/O: RAMNANDAN PRASAD, R/O- Mahadev Bigha, P.O. Chandhari, Islampur, PO: Islampur, DIST: Nalanda, Bihar 801303, have changed my name and shall hereafter be known as JANAK DEVI.

आगामी २ और ३ नवंबर की राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल को शत-प्रतिशत सफल बनाने का किया आह्वान

ऑल इंडिया आईडीबीआई ऑफिसर्स असोसिएशन पटना जोन इकाई की विशेष आमसभा

पटना (आससे)। केन्द्र सरकार द्वारा आईडीबीआई बैंक की ६०.७२ फीसद रणनीतिक हिस्सेदारी विदेशी कंपनी को सौंपने के राष्ट्रघाती फैसले के खिलाफ यूनाइटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई ऑफिसर्स एंड एम्प्लाइज के तत्वावधान में ऑल इंडिया आइडीबीआई ऑफिसर्स असोसिएशन पटना जोन की विशेष आम सभा आयोजित की गयी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में बिहार एवं झारखंड क्षेत्र की विभिनन शाखाओं व प्रशासनिक कार्यालयों से पधारे सामान्य वर्ग, सुरक्षित वर्ग तथा दिव्यांगजन वर्ग के १०० से अधिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी चट्टानी एकजुटता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए ज्ञान प्रकाश (अध्यक्ष, एआईबीओए बिहार स्टेट कमेटी) ने कहा कि आईडीबीआई बैंक के विनिवेश और विदेशी हाथों में सौंपने के खिलाफ आज पूरा बैंकिंग जगत लामबंद हो चुका है। समस्त बैंक संगठनों ने इस अस्तित्व की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलकार साथ देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

सौरव कुमार (अध्यक्ष, एआईडीबीआईओए) सभा को संबोधित करते हुए केन्द्र सरकार के अड़ियल और गैर-जिम्मेदाराना रवैये की कड़ी निंदा की। उनहोंने बताया कि इसके विरुद्ध देशव्यापी स्तर पर



सघन आंदोलन चलाया जा रहा है। कॉमरेड सौरव कुमार ने सभी साथियों से आगामी २ और ३ नवंबर को प्रस्तावित दोदिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कर इसे ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। बृजलाल कुमार उपाध्याय ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सरकार ने रणनीतिक बिक्री का तानाशाही फैसला अविलंब नहीं लिया, तो आनेवाले दिनों में यह आंदोलन और भी उग्र एवं व्यापक रूप लेगा, जिसमें अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों का भी भरपूर सहयोग मिलेगा।

नदीम अख्तर (महासचिव, एआईबीओए बिहार स्टेट कमेटी) ने आश्वास्त किया कि एआईबीओए का नेतृत्व पूरी मजबूती और निष्ठा के साथ आईडीबीआई बैंक के साथियों के साथ खड़ा है। उन्हांने विश्वास दिलाया कि २-३ नवंबर की प्रस्तावित हड़ताल बिहार और झारखंड में शत-प्तिशत सफल रहेगी।

कार्यक्रम का विधिवत समापन असोसिएशन पटना जोन के महासचिव रौशन कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। अपने समापन संबोधन में उन्होंने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए आह्वान किया कि प्रबंधन या प्रशासन के किसी भी दबाव के आगे झुके बिना, सभी अधिकारी पूर्णत: एकजुट, निर्भीक और अनुशासित रहकर आगामी २ और ३ नवंबर की हड़ताल सहित संगठन के प्रत्येक चरणबद्ध आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लें।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की 12 और ट्रेनें इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर चलेंगी

डीजल की खपत में सालाना 98.55 लाख लीटर की कमी

पटना (आससे)। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल रेल परिचालन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रेलवे ने 16 अक्टूबर से 12 और ट्रेन सेवाओं को डीजल से इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर स्थानांतरित कर दिया है। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर संचालित होने वाली ट्रेन सेवाओं की संख्या बढ़कर 30 हो गई है। रेलवे के अनुसार इस बदलाव से डीजल की खपत में सालाना लगभग 98.55 लाख लीटर की कमी आने का अनुमान है। इससे हर साल करीब 140 करोड़ रुपये की बचत होगी। साथ ही कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में सालाना लगभग 26411 टन की कमी आने की संभावना है। इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर स्थानांतरित की गई ट्रेन सेवाओं में लचित एक्सप्रेस,डेकारगांव सिलापथार एक्सप्रेस, रंगिया मुरकंगसेलेक एक्सप्रेस, रंगिया न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस, रंगिया लीडो एक्सप्रेस और गुवाहाटी लीडो इंटरसिटी एक्सप्रेस शामिल हैं। डीजल से इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर परिचालन शुरू होने से इंजन बदलने की आवश्यकता कम होगी। इससे यात्रा समय में बचत और ट्रेनों की समयपालन क्षमता में सुधार होने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिक इंजनों में हेड ऑन जनरेशन सुविधा के माध्यम से सीधे कोचों को बिजली उपलब्ध कराई जा सकती है। इससे एलएचबी रेक में जनरेटर कारों के लिए डीजल की खपत कम होगी। साथ ही शोर और वायु प्रदूषण को घटाने में भी मदद मिलेगी। यह उपलब्धि पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव और प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर सुधांशु कृष्ण दुबे के मार्गदर्शन तथा मंडलीय टीमों के समन्वित प्रयासों से हासिल हुई है। एनएफआर ने पूरे क्षेत्र में स्वच्छ, ऊर्जा कुशल और विश्वसनीय रेल सेवाओं के विस्तार के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

दीपक रेड्डी होंगे बजाज जनरल इंश्योरेंस के नये एमडी-सीईओ

पटना। बजाज जनरल इंश्योरेंस के निदेशक मंडल ने दीपक रेड्डी को कंपनी का मनोनीत मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने की मंजूरी दी है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के बाद वह 1 अप्रैल 2027 से प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का पद संभालेंगे। वर्तमान एमडी-सीईओ डॉ. तपन सिंघल 31 मार्च 2027 तक पद पर बने रहेंगे।

बजाज फिनसर्व के अध्यक्ष संजीव बजाज ने तपन सिंघल के योगदान की सराहना करते हुए दीपक रेड्डी से कंपनी की प्रगति को आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई।

सतना-देवेंद्रनगर और रीवा-चुरहट रेलखंड शुरू

विंध्य बुंदेलखंड की कनेक्टिविटी होगी मजबूत

पटना। मध्य प्रदेश के विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में शनिवार को दो महत्वपूर्ण रेलखंडों का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सतना देवेंद्रनगर के 53 किलोमीटर और रीवा चुरहट के 65 किलोमीटर लंबे रेलखंडों को देश को समर्पित किया। इस अवसर पर देवेंद्रनगर.चुरहट नई यात्री रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इससे सीधी जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। चुरहट रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, रीवा के सांसद जनार्दन मिश्रा और सीधी के सांसद राजेश मिश्रा मौजूद रहे। वहीं नागौद रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सतना के सांसद गणेश सिंह और खजुराहो के सांसद विष्णु दत्त शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। रेल मंत्री ने कहा कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी से विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार के बेहतर अवसर मिलेंगे। इन रेलखंडों के शुरू होने से लंबे समय से चली आ रही क्षेत्रीय रेल संपर्क की मांग भी पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि रेल नेटवर्क का विस्तार औद्योगिक विकास और आर्थिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सतना से देवेंद्रनगर तक लगभग 53 किलोमीटर लंबी रेल लाइन का निर्माण करीब 873 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। फुलवारी से देवेंद्रनगर के बीच अंतिम आठ किलोमीटर रेल लाइन का काम पूरा होने के बाद यह परियोजना पूरी हुई। इस रेलखंड से सतना, नागौद, देवेंद्रनगर और आसपास के क्षेत्रों की रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी। देवेंद्रनगर चुरहट यात्री रेल सेवा शुरू होने से विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों, किसानों और मरीजों को आवागमन का एक नया विकल्प मिलेगा। यात्रियों को सतना और रीवा के माध्यम से बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध होने की उम्मीद है। इससे शिक्षा संस्थानोंए अस्पतालों और रोजगार केंद्रों तक पहुंच आसान हो सकती है। विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र में पन्ना, खजुराहो, रीवा का किला, मुकुंदपुर की सफेद बाघ सफारी, चचाई और बहुती जलप्रपात जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। बेहतर रेल संपर्क से इन क्षेत्रों में पर्यटकों की आवाजाही सुविधाजनक बनाने में मदद मिल सकती है। इससे होटल, स्थानीय परिवहन, गाइड, हस्तशिल्प और छोटे कारोबार से जुड़े लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

इन्द्र कुमार सिंह चन्दापुरी रांची हुए रवाना



पटना। अखिल भारतीय पिछडा वर्ग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र कुमार सिंह चन्द्रापुरी शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड की राजधानी रांची रवाना हुए हैं। जहां वे संघ के रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में झारखंड राज्य पिछडा वर्ग संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होंगे और विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यक्रम में भाग लेंगे। जानकारी संघ के अध्यक्ष दिग्विजय कुमार दिवाकर ने दी।

कीमोथेरेपी के बाद स्तन कैंसर की मरीज को राहत

पटना। खगड़िया की 34 वर्षीय निवासी महिला मरीज को नारायण कैंसर सेंटर में स्तन कैंसर के उपचार के बाद बहुत राहत मिली हैं। स्तन में गांठ, दर्द और सूजन की शिकायत के बाद जांच में कैंसर की पुष्टि हुई। अस्पताल के कैंसर रोग विशेषज्ञ डा.अभिषेक आनंद की देखरेख में उनका कीमोथेरपी के माध्यम से उपचार शुरू किया गया। उपचार के बाद गांठ की कमी के साथ दर्द और सूजन में भी राहत मिली तथा उनकी सामान्य स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हुआ। फिलहाल, मरीज चिकित्सकीय निगरानी में है और आगे का उपचार व फॉलोअप जारी हैं। डा.अभिषेक आनंद ने बताया कि अक्टूबर माह को स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता हैं। स्तन कैंसर महिलाओं में होने वाले सबसे आम कैंसरों में से एक हैं। ऐसे में इसके लक्षण के प्रति जागरूकता, समय पर जांच एवं सही उपचार बेहद जरूरी हैं।

सिंघाड़ा में डाकघर और किराना दुकान में चोरी

महुआ (आससे)। महुआ थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा में चोरों ने अवर डाकघर और उसके सामने स्थित किराना दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने डाकघर का मुख्य गेट और लॉकर का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया, जबकि किराना दुकान के स्टोर रूम से करीब एक लाख रुपये के सामान की चोरी कर ली। एक ही इलाके में दो स्थानों पर हुई वारदातों से व्यवसायियों और स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने देर रात अवर डाकघर सिंघाड़ा के मुख्य गेट का ताला काटकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद अंदर रखे लॉकर का ताला तोड़ दिया और पार्सल के सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि डाकघर में क्या चोरी हुई है, इसकी पूरी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। घटना की जानकारी मिलने पर डाकपाल सुमन कुमार सिन्हा सहित अन्य डाककर्मी मौके पर पहुंचे और महुआ पुलिस को सूचना दी।

दिव्यांग की लाठी-डंडे से पीट पीटकर हत्या

सोनबरसा। भुतही थाना क्षेत्र की मढ़िया पंचायत के तिलंगही गांव में शनिवार सुबह एक हजार रुपये के बकाये को लेकर 61 वर्षीय दिव्यांग रहमान शाह की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर भुतही पुलिस के साथ एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच में जुट गई। मृतक की पत्नी भी दिव्यांग हैं। दोनों किराये के मकान में रहकर जीवन गुजार रहे थे। पति की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की पहचान तिलंगही वार्ड संख्या तीन निवासी सकुर साह के 61 वर्षीय दिव्यांग पुत्र रहमान शाह के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी हकीदा खातून ने बताया कि घटना शनिवार सुबह की है। रुपये का भुगतान उसी दिन शाम को किया जाना था। आरोप है कि गांव के ही श्रीचंद महतो के पुत्र रामनारायण महतो ने पहले घर पहुंचकर रहमान शाह के गले में गमछा डालकर घसीटा और फिर लाठी-डंडे से उनकी पिटाई कर दी। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, आरोपी ने तीन दिन पहले भी धमकी दी थी। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपी के घर के सामने शव रखकर ग्रामीण सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने पर भुतही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सीतामढ़ी भेज दिया। घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल टीम ने भी जांच की और साक्ष्य जुटाने में जुटी रही।

भुतही थानाध्यक्ष चन्द्रगुप्त कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार, रुपये के लेन-देन को लेकर मारपीट की गई थी, जिसके कारण यह घटना हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। आरोपी के घर से एक महिला को भी हिरासत में लिए जाने की जानकारी है। पति की मौत के बाद पत्नी के सामने जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है। मृतक के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा मोकील साह 18 वर्ष का और छोटा बेटा वकील साह 14 वर्ष का है। दोनों बाहर रहकर मजदूरी का कार्य करते हैं। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति और इस घटना ने परिजनों को गहरे सदमे में डाल दिया है।

अतिपिछड़ा दावेदारी सम्मेलन का आयोजन

(आज समाचार सेवा)


पटना। राष्ट्रीय अतिपिछड़ा संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में अतिपिछड़ा दावेदारी सम्मेलन का आयोजन जगजीवन राम शोध संस्थान में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी एवं संचालन डा.गौतम कुमार प्रीतम ने किया। सम्मेलन में प्रदेश के कोने-कोने से काफी संख्या में अतिपिछड़ा के हक की लडा़ई लड़ रहे नेता व सामाजिक कार्यकर्त्ताओं ने भाग लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विजय कुमार चौधरी ने कहा कि अतिपिछड़ा वर्ग में लगातार घुसपैठ जारी हैं। अतिपिछड़ा



वर्ग की आधा आबादी भी अगर एकजुट हो जाएं, तो सत्ता पर कब्जा हमारी होंगी। सम्मेलन में डा.वीरेन्द्र कुमार ठाकुर ने कहा कि ओल्ड पेंशन योजना लागू करना चाहिए।

संचालन कर रहे डा.गौतम ने कहा कि संविद पर बहाल आउटसोर्सिंग, सहायिका, सेवीका जीविका, आदि कर्मचारियों को स्थाई करना होगा। इस मौके पर संजीव कुमार बिट्टु, डा.कर्नाल अहमद अंसारी, राजाराम पंडित, संजीव चंदन, नीतु सिंह निषाद, अरूण नारायण, सुरेश कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे।

एक लड़की, शादी के कई रिश्ते और सही जीवनसाथी की तलाश



जाह्नवी गुरनानी और रौनक कामदार की यह हिंदी सीरीज़ शादी के रिश्तों, परिवार की उम्मीदों और अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने की एक महिला की कोशिश को मजेदार अंदाज़ में दिखाती है। शादी के लिए सही जीवनसाथी चुनना सिर्फ दो लोगों का नहीं, बल्कि कई बार पूरे परिवार का फैसला बन जाता है। रिश्तों की तलाश, पहली मुलाकात, परिवार के सवाल और सबकी अलग-अलग राय के बीच अपनी पसंद को समझना आसान नहीं होता। इसी अनुभव को आज के समय के हिसाब से मजेदार अंदाज़ में पेश कर रहा है शेमारू प्रीमियर का नया शो एक कन्या कुँवारी, जिसका प्रीमियर 22 अक्टूबर, 2026 को सिर्फ शेमारूमी पर हुआ। इस सीरीज़ को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता राहुल भोले और विनीत कनोजिया ने बनाया है। वडोदरा की पृष्ठभूमि पर बनी यह कहानी शिवानी दवे की है, जो एक मध्यमवर्गीय परिवार से आती है और बैंक में काम करती है। शादी के लिए एक के बाद एक लड़कों से मिलने के दौरान वह परिवार की उम्मीदों और अपनी पसंद के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करती है। हर कड़ी में एक नया रिश्ता आता है। कोई कारोबारी अपने जड़ी-बूटियों से बने खास मरहम को चमत्कारी बताता है, तो किसी रिश्ते में विदेश में रहने वाले लड़के के पिता और परिवार के दूसरे सदस्य वीडियो कॉल पर बातचीत में शामिल हो जाते हैं। इन मुलाकातों के बीच सीरीज़ आर्थिक बराबरी, आपसी समझ, भावनात्मक तालमेल, आत्मसम्मान और शादी के दबाव जैसे मुद्दों को हल्के-फुल्के अंदाज़ में सामने लाती है। साथ ही, यह सवाल भी उठाती है कि शादी का फैसला आपसी समझ के आधार पर होना चाहिए या परिवार की पसंद को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने लगातार तीसरे वर्ष हासिल किया ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन

(निज प्रतिनिधि)

पटना। भारत की अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कंपनियों में से एक, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (एलजीई इंडिया) ने लगातार तीसरे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन हासिल किया है। कार्य-संस्कृति और कर्मचारियों के अनुभव का आकलन करने वाली वैश्विक संस्था ग्रेट प्लेस टू वर्क ने एलजीई इंडिया को यह सर्टिफिकेशन ट्रस्ट इंडेक्स सर्वे के माध्यम से प्राप्त कर्मचारियों के फीडबैक और कार्य-संस्कृति के मूल्यांकन के आधार पर प्रदान किया है। कर्मचारियों के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर किया गया यह मूल्यांकन इस बात की गहरी जानकारी देता है कि विश्वास, जुड़ाव और कार्यस्थल का दैनिक अनुभव किसी भी संगठन की संस्कृति को कैसे आकार देते हैं।2023 में पहली बार सर्टिफिकेशन प्राप्त करने के बाद, एलजीई इंडिया ने कर्मचारी अनुभव, कार्यस्थल संस्कृति और पेशेवर विकास को बढ़ावा देने वाले माहौल पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस मान्यता को और भी मजबूत किया है। यह मान्यता जॉब मार्केट में बेहतरीन टैलेंट को अपने साथ जोड़ने में आगे भी मदद करेगी और इससे शेयरधारकों का विश्वास भी बढ़ेगा।

होटल मौर्या में प्रीमियर स्कूल्स एडमिशंस फेयर शुरू

पटना (आससे)। गांधी मैदान स्थित होटल मौर्या में शनिवार को दो दिवसीय प्रीमियर स्कूल्स एडमिशंस फेयर की शुरुआत हुई। बिग बैनर एग्जिबिटर की ओर से आयोजित इस मेले में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय हिस्सा ले रहे हैं। यहां अभिभावकों और विद्यार्थियों को एक ही मंच पर विद्यालयों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रम, छात्रवृत्ति और आवासीय सुविधाओं की जानकारी मिल रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन जदयू के प्रदेश महासचिव निरंजन केशव प्रिंस, प्रो. डॉ. भागवत शर्मा, फेयर के संस्थापक विनोद कुमार सिंह और संयोजक श्वेता ने संयुक्त रूप से किया। आयोजक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मेले का उद्देश्य अभिभावकों को विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था और सुविधाओं से परिचित कराना है, ताकि वे अपने बच्चों के लिए उपयुक्त संस्थान चुन सकें। संयोजक श्वेता ने बताया कि यहां नर्सरी से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक के दाखिले के लिए परामर्श दिया जा रहा है। साथ ही खेलकूद, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। आयोजकों के अनुसार, मेले में अभिभावकों और विद्यार्थियों की अच्छी भागीदारी रही। यह आयोजन 24 और 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा।

त्योहारी सीजन में घरों को नया रूप देने का बढ़ा रुझान

पटना। अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 में घरों को आधुनिक बनाने की खरीदारी में तीन गुना से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। रसोई, बैठक और शयनकक्ष के साथ बाहरी हिस्सों को भी नया रूप देने में ग्राहक रुचि दिखा रहे हैं। पटना सहित गैर-महानगरीय शहरों की हिस्सेदारी अमेज़न डॉट इन पर कुल खरीदारी में 60 प्रतिशत से अधिक है। आसान किस्त, पुराने उत्पादों के बदले छूट और बैंक ऑफर से स्मार्ट उपकरणों की खरीदारी को बढ़ावा मिल रहा है।

साइबर ठगी के खिलाफ देशव्यापी अभियान का विस्तार

पटना। अमेज़न इंडिया ने गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के साथ साझेदारी के दूसरे चरण की घोषणा की है। इसका उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी पहचानने और उससे बचने के लिए जागरूक करना है। अभियान के तहत सुरक्षा संबंधी सुझाव, तकनीकी नवाचार और उपभोक्ता शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। अमेज़न के राकेश बख्शी और आई4सी के निदेशक निशांत कुमार ने सुरक्षित डिजिटल भुगतान तथा साइबर ठगी के खिलाफ समय पर कार्रवाई को जरूरी बताया।

बिदिप्ता चक्रवर्ती ने सुभाजीत संग जोड़ी पर साझा किये विचार

पटना। 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' के प्रीमियर एपिसोड में बिदिप्ता चक्रवर्ती ने अपने संगीत सफर और सुभाजीत चक्रवर्ती के साथ तालमेल पर बात की। उन्होंने बताया कि 'इंडियन आइडल' ने उन्हें कलाकार के रूप में नई पहचान दिलाई, जिसे वह हमेशा अपने नाम के साथ जोड़कर रखना चाहती हैं। बिदिप्ता के अनुसार, दोनों एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने के बजाय बेहतर बनने में मदद करते हैं। उनका सहज तालमेल प्रस्तुतियों को खास बनाता है।

रोहित शर्मा ने पहली बार सिनेमा देखने का किस्सा सुनाया

पटना (आससे)। कार्यक्रम 'फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा' में क्रिकेटर रोहित शर्मा ने बचपन में पहली बार सिनेमा देखने का अनुभव साझा किया। चंकी पांडे के सवाल पर उन्होंने बताया कि आर्थिक परिस्थितियों के कारण वह पहले थिएटर नहीं जा सके थे। बाद में दोस्तों ने टिकट के पैसे देकर उन्हें हॉरर फिल्म दिखाई। रोहित ने कहा कि दोस्तों के साथ फिल्म देखने का अनुभव बेहद मजेदार था और उन्होंने इस यादगार पल का भरपूर आनंद लिया।

केबीसी में अमिताभ बच्चन के डायलॉग चैलेंज से छूटी हंसी

पटना। 'कौन बनेगा करोड़पति' के 18वें सीजन में अमिताभ बच्चन और प्रतियोगी मंजुषा शिरसाठ के बीच मजेदार बातचीत देखने को मिली। मंजुषा ने अमिताभ से फिल्मी संवाद सुनाने का अनुरोध किया, लेकिन बात 'कच्चा पापड, पक्का पापड़' बोलने की चुनौती तक पहुंच गई। अमिताभ ने मंजुषा को यह वाक्य बोलने को कहा। बोलते समय उनके अटकने पर मंच पर मौजूद सभी लोग हंस पड़े। यह पल कार्यक्रम का यादगार हिस्सा बन गया।

एचडीएफसी बैंक के शुद्ध लाभ में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि

पटना (आससे)। एचडीएफसी बैंक ने सितंबर 2026 में समाप्त दूसरी तिमाही में 19,510 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 4.7 प्रतिशत अधिक है। बैंक का शुद्ध राजस्व बढ़कर 48,450 करोड़ रुपये और शुद्ध ब्याज आय 9.7 प्रतिशत वृद्धि के साथ 34,620 करोड़ रुपये रही। कुल जमा राशि 18.8 प्रतिशत बढ़कर 33.27 लाख करोड़ रुपये, जबकि सकल ऋण 16.3 प्रतिशत बढ़कर 32.20 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

पटना के बेली स्क्वायर मॉल में खुला नया स्टोर

पटना (आससे)। शॉपर्स स्टॉप ने राजा बाजार स्थित बेली स्क्वायर मॉल में अपना नया स्टोर शुरू किया है। 26,293 वर्ग फुट में फैले इस स्टोर में 500 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के कपड़े, जूते, सौंदर्य उत्पाद, घड़ियां, बैग और अन्य सामान उपलब्ध हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए विशेष व्यक्तिगत खरीदारी परामर्श कक्ष भी बनाया गया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक कवींद्र मिश्रा ने कहा कि यह स्टोर पटना में बेहतर खरीदारी अनुभव उपलब्ध कराएगा।

ओप्पो ने एफ35 सीरीज के स्मार्टफोन किये लांच

पटना (आससे)। ओप्पो इंडिया ने एफ सीरीज के दस साल पूरे होने पर एफ35 प्रो और एफ35 स्मार्टफोन लॉन्च किए हैं। इनमें 100 डिग्री दृश्य क्षमता वाला 50 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड सेल्फी कैमरा दिया गया है। वहीं, एफ35 प्रो में 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड रियर कैमरा है। ओप्पो इंडिया के गोल्डी पटनायक ने कहा कि नई सीरीज बेहतर ग्रुप सेल्फी के साथ तस्वीरों में अधिक लोगों को शामिल करने और खास पलों को साझा करने का अनुभव बेहतर बनाएगी।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — रविवार, 25 अक्टूबर 2026

मेष-	आज रात्रि 7/22 बजे तक मानसिक अशांति, तत्पश्चात् इच्छाशक्ति जागृत, धनलाभ।
वृषभ-	आज रात्रि 7/22 बजे तक कार्य बनने से खुशी, तदुपरान्त बाधा, द्रव्य की क्षति, अशांति।
मिथुन-	पराक्रम में वृद्धि, जनकल्याण की भावना, कार्य प्रगति पर, विवाद का समापन।
कर्क-	सामाजिक कृत्यों में रुचि, सुख के साधन सुलभ, विवाद का समापन, लाभ भी।
सिंह-	आज रात्रि 7/22 बजे तक आर्थिक कठिनाइयां, तदनन्तर समय बेहतर, नवयोजना की पूर्ति।
कन्या-	आज रात्रि 7/22 बजे तक सफलता, भौतिक सुख, तत्पश्चात् आर्थिक परेशानी, कष्ट भी।
तुला-	परिस्थितियाँ सुधार पर, कार्य प्रगति पर, धर्म में रुचि, प्रभावशाली हस्तियों से संपर्क।
वृश्चिक-	आत्मिक शांति, विवाद का समापन, प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पन्न, कर्ज की निवृत्ति।
धनु-	आज रात्रि 7/22 बजे तक लाभ में कमी, तदुपरान्त समस्या का हल, मानसिक शांति।
मकर-	आज रात्रि 7/22 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, तदनंतर भाग्योदय में बाधा, मित्रों-परिजनों से कष्ट।
कुम्भ-	समय संतोषजनक, व्यक्तित्व का विकास, कुछेक समस्याएं हल, कार्य व्यवसाय में अनुकूलता।
मीन-	मनोवांछित सफलता, बुद्धि-चातुर्य से आर्थिक लाभ, वातावरण मनोनुकूल, विवाद का समापन।

आज है जिनका जन्मदिन — 25 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 25 का मूलांक 7 का स्वामी केतु एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। जीवन उथल-पुथल और परेशानियों से परिपूर्ण रहेगा। किसी के अधीन रहकर कार्य नहीं करेंगे। सुख-दु:ख लाभ-हानि आपके जीवन के साथ जुड़े रहेंगे। कभी भी संतुष्ट नहीं होंगे यही असन्तुष्टि सदैव कार्यशील रखेगी। जोखिम भरे कार्यों में अधिक रूचि लेंगे। आपके कार्यों में नयापन का समावेश रहेगा। जनसम्पर्क उच्चस्तरीय होगा। अध्ययन की ओर भी झुकाव रहेगा। बहुत जल्दी उतावले हो जाया करेंगे। विचारों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने में सक्षम होंगे। भावुकता की स्थिति में कोई निर्णय नहीं ले पायेंगे। छोटी-छोटी समस्याओं को महत्व नहीं देंगे। आपकी याद्दाश्त अच्छी होग। परिवार के प्रति रूझान रहेगा। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। राजनैतिक एवं सामाजिक कृत्यों में भी संलग्न रहेंगे। नियमित रूप से देव अर्चना अवश्य करें। दैनिक जीवन में गुलाबी रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। कार्य के प्रति किसी को ठेस न पहुँचाया। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ कें केतवें नमः	मास	: जनवरी, मार्च एवं अक्टूबर
व्रत	: मंगलवार	वर्ष	: 7, 16, 25, 34, 43, 52, 61, 70
दिन	: रविवार, सोमवार एवं बुधवार	रंग	: गुलाबी एवं पीला
दिनांक	: 7, 16, 25	जन्मरत्न	: लहसुनिया, उपरत्न : लाजवर्त
अंक	: 1, 2, 7	जड़ी	: असगंध की जड़, दिशा : वायव्य

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 अक्टूबर से 25 अक्टूबर

यन्त्र

14	9	16
15	13	11
10	17	12

सुडोकू ४०९४

			5		8			
				7	6			
	1							3
			4					9
6		5		1				
8								
						8	6	
						7		
	4			2				

हल ४०९३

9	6	8	1	4	3	7	5	2
4	5	2	6	8	7	1	3	9
7	3	1	5	2	9	6	8	4
5	2	4	3	7	1	8	9	6
6	7	3	8	9	5	4	2	1
1	8	9	2	6	4	3	7	5
2	1	6	9	3	8	5	4	7
8	4	5	7	1	2	9	6	3
3	9	7	4	5	6	2	1	8